Series : XWZY1

SET ~ 1

रोल नं.
Roll No.

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **59/1/1**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# राजनीति विज्ञान
# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

| | नोट | ~ | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **23** printed pages. |
| (II) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं । | (II) | Please check that this question paper contains **30** questions. |
| (III) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (III) | Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | **Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

**सामान्य निर्देश :**

***निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :***

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – खण्ड **क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii)* ***खण्ड–क** : प्रश्न संख्या **1** से **12** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड–ख** : प्रश्न संख्या **13** से **18** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **50** से **60** शब्दों में लिखिए ।*

*(v)* ***खण्ड–ग** : प्रश्न संख्या **19** से **23** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार –I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** से **120** शब्दों में लिखिए ।*

*(vi)* ***खण्ड–घ** : प्रश्न संख्या **24** से **26** अवतरण, कार्टून/चित्र तथा मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर यथानुसार लिखिए ।*

*(vii)* ***खण्ड – ङ** : प्रश्न संख्या **27** से **30** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार –II के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **170** से **180** शब्दों में लिखिए ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । इन प्रश्नों में से केवल **एक** ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

## *GENERAL INSTRUCTIONS :*

***Read the following instructions very carefully and follow them :***

(i) *This question paper contains **30** questions. **All** questions are **compulsory**.*

(ii) *Question paper is divided into **five** sections – **Sections A, B, C, D** and **E.***

(iii) ***Section A** – question numbers **1** to **12** are Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

(iv) ***Section B** – question numbers **13** to **18** are Short Answer type questions. Each question carries **2** marks. Write answer to each question in **50** to **60** words.*

(v) ***Section C** – question numbers **19** to **23** are Long Answer Type-I questions. Each question carries **4** marks. Write answer to each question in **100** to **120** words.*

(vi) ***Section D** – question numbers **24** to **26** are Passage, Cartoon/Picture and Map-based questions. Answer each question accordingly.*

(vii) ***Section E** – question numbers **27** to **30** are Long Answer Type-II questions. Each question carries **6** marks. Write answer to each question in **170** to **180** words.*

(viii) *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only **one** of the choices in such questions has to be attempted.*

(ix) *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

## खण्ड – क

**प्रश्न संख्या 1 से 12 तक बहुविकल्पीय प्रकार के 1 अंक के प्रश्न हैं।** $12 \times 1 = 12$

1. नीचे दो कथन दिए गए हैं :

**कथन-I :** नेपाल अतीत में एक हिन्दू राज्य था, फिर आधुनिक काल में यहाँ कई सालों तक संवैधानिक राजतंत्र रहा।

**कथन-II :** 2006 में यहाँ देशव्यापी लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शन हुए। संघर्षरत लोकतंत्र समर्थक शक्तियों ने अपनी पहली बड़ी जीत तब हासिल की जब राजा ने बाध्य होकर संसद को बहाल किया।

**विकल्प :**

(A) कथन I और कथन II दोनों सत्य हैं।

(B) कथन I और कथन II दोनों असत्य हैं।

(C) कथन I सत्य है, लेकिन कथन II असत्य है।

(D) कथन I असत्य है, लेकिन कथन II सत्य है।

2. निम्नलिखित में से किस घटना के कारण शीतयुद्ध के बाद दक्षिण एशियाई क्षेत्र ने अचानक पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित किया ?

(A) 1971 का बांग्लादेश युद्ध

(B) श्रीलंका का जातीय संघर्ष

(C) भारत और पाकिस्तान दोनों का परमाणु शक्ति बनना

(D) भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल संघर्ष

3. कॉलम A में दिए गए पदों का कॉलम B के साथ सही मिलान कीजिए और नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर चुनिए :

| | कॉलम–A | | कॉलम–B |
|---|---|---|---|
| I. | ह्यूमन राइट्स वॉच | i. | संयुक्त राष्ट्र का एक अंग |
| II. | अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष | ii. | संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी |
| III. | विश्व स्वास्थ्य संगठन | iii. | एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन जो वित्तीय संस्थानों की देखरेख करता है। |
| IV. | आम सभा | iv. | एक अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवी संस्था |

**कूट :**

(A) I-iii, II-i, III-iv, IV-ii

(B) I-iv, II-i, III-iii, IV-ii

(C) I-iv, II-iii, III-ii, IV-i

(D) I-ii, II-iv, III-iii, IV-i

## SECTION – A

**Question Nos. 1 to 12 are Multiple Choice type questions carrying 1 mark each.** **12 × 1 = 12**

1. Given below are two statements :

**Statement-I :** Nepal was a Hindu Kingdom in the past and then a constitutional monarchy in the modern period for many years.

**Statement-II :** The struggling pro-democracy forces achieved their first major victory in 2006 when the king was forced to restore the House of representatives.

**Options :**

(A) Both Statement-I and Statement-II are true.

(B) Both Statement-I and Statement-II are false.

(C) Statement-I is true, but Statement-II is false.

(D) Statement-I is false, but Statement-II is true.

2. Which of the following events made the South Asian region a sudden focus of global attention after the cold war period ?

(A) Bangladesh War of 1971

(B) Ethnic conflict of Sri Lanka

(C) India and Pakistan both became nuclear power

(D) Kargil conflict between India and Pakistan

3. Match the terms given in Column-'A' correctly with Column-'B' and choose the correct answer from the codes given below :

| | Column-'A' | | Column-'B' |
|---|---|---|---|
| I. | Human Rights Watch | i. | An organ of the United Nations |
| II. | International Monetary Fund | ii. | An agency of the United Nations |
| III. | World Health Organisation | iii. | An international organisation that oversees financial institutions |
| IV. | General Assembly | iv. | An international NGO |

**Codes :**

(A) I-iii, II-i, III-iv, IV-ii

(B) I-iv, II-i, III-iii, IV-ii

(C) I-iv, II-iii, III-ii, IV-i

(D) I-ii, II-iv, III-iii, IV-i

4. निम्नलिखित को उनके गठन के कालक्रम अनुसार व्यवस्थित कीजिए :

I. विश्व व्यापार संगठन

II. विश्व बैंक

III. अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी

IV. संयुक्त राष्ट्र संघ

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) I, II, III, IV (B) II, IV, III, I

(C) IV, I, III, II (D) III, I, II, IV

5. आर्थिक रूप से कमज़ोर लोगों पर वैश्वीकरण के नकारात्मक प्रभावों को कम करने के लिए अपनाए गए संस्थागत सुरक्षा उपायों को निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है ?

(A) कल्याणकारी उपाय (B) सामाजिक सुरक्षा जाल

(C) आर्थिक उदारीकरण (D) स्वैच्छिक सेवाएँ

6. नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथनों को क्रमशः अभिकथन (A) तथा कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है । उत्तर के रूप में सही विकल्प का चयन कीजिए ।

**अभिकथन (A) :** विश्व भर में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रवेश और बढ़ती भूमिका से सरकारों की स्वयं निर्णय लेने की क्षमता में कमी आई है ।

**कारण (R) :** राज्य अपने अनिवार्य कार्यों को निरन्तर पूरा कर रहे हैं और बहुत सोच-समझकर अपने कदम उन्हीं दायरों से बाहर खींच रहे हैं जहाँ से वे चाहते हैं ।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) अभिकथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(D) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।

4. Arrange the following in chronological order of their formation :

I. The World Trade Organisation

II. World Bank

III. The International Atomic Energy Agency

IV. United Nations Organisation

Choose the correct option :

(A) I, II, III, IV (B) II, IV, III, I

(C) IV, I, III, II (D) III, I, II, IV

5. Institutional safeguards to minimize the negative effects of globalization on those who are economically weak are known as __________.

(A) Welfare measures (B) Social safety nets

(C) Economic liberalization (D) Voluntary services

6. In the following question, a statement of Assertion (A) is followed by a statement of Reason (R). Choose the correct option as answer.

**Assertion (A) :** The entry and the increased role of multinational companies all over the world leads to a reduction in the capacity of governments to take decisions on their own.

**Reason (R) :** The state continues to discharge its essential functions and consciously withdraws from certain domains from which it wishes to.

**Options :**

(A) Both the Assertion (A) and the Reason (R) are correct and the Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both the Assertion (A) and the Reason (R) are correct, but the Reason (R) is not the correct explanation of the Assertion (A).

(C) The Assertion (A) is incorrect, but the Reason (R) is correct.

(D) The Assertion (A) is correct, but the Reason (R) is incorrect.

7. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन नीति आयोग का उद्देश्य नहीं है ?

(A) भारत की विकास प्रक्रिया के लिए एक महत्त्वपूर्ण दिशात्मक और रणनीतिक नीति प्रदान करना ।

(B) केंद्रीय व राज्य स्तर पर सरकार के लिए थिंक टैंक के रूप में कार्य करना ।

(C) विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए धन की व्यवस्था करना ।

(D) नीतियों के धीमे और मंद कार्यान्वयन को समाप्त करने का प्रयास करना ।

8. निम्नलिखित में से कौन सा कथन नियोजन की वामपंथी विचारधारा के बारे में सही है ?

(A) वामपंथी एक मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था का समर्थन करते हैं ।

(B) वे गरीब लोगों के लाभ के लिए निर्मित सरकारी नीतियों का समर्थन करते हैं ।

(C) वे अर्थव्यवस्था में सरकार का अनावश्यक हस्तक्षेप नहीं चाहते हैं ।

(D) वे प्रगतिशील नीतियों की वकालत करते हैं ।

9. 1969 में कांग्रेस के विभाजन के मुख्य कारण की पहचान कीजिए ।

(A) कांग्रेस पार्टी की विचारधारा में बदलाव आना ।

(B) कांग्रेस सिंडिकेट का प्रभुत्व

(C) विपक्षी दलों के बीच वैचारिक मतभेद

(D) विपक्षी दलों का एक साथ आना

10. गलत जोड़ों को पहचानिए और लिखिए :

(A) लाल बहादुर शास्त्री – जय जवान जय किसान

(B) इंदिरा गांधी – गरीबी हटाओ

(C) सिंडिकेट – इन्दिरा गांधी के विरुद्ध विपक्ष के शक्तिशाली नेताओं का समूह

(D) महागठबंधन – सभी गैर–कांग्रेसी दलों का गठन

7. Which one among the following statements is not the objective of NITI Aayog ?

(A) Provide a critical directional and strategic input to the development process of India.

(B) Serve as a think tank of the government both at the centre and state level.

(C) Arrange funds for the implementation of developmental programs.

(D) Seek to put an end to the slow and tardy implementation of the policies.

8. Which statement among the following is correct about the planning ideology of left wing ?

(A) The Left supports a free-market economy.

(B) They support government policies which are for the benefit of poor sections.

(C) They do not want unnecessary intervention of government in the economy.

(D) They advocate for progressive policies.

9. Identify the main reason for the split in Congress Party in 1969.

(A) Change in the ideology of Congress Party

(B) Dominance of the Congress Syndicate

(C) Difference of opinion among the opposition parties

(D) Opposition parties came together

10. Identify and choose the incorrect pair :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | Lal Bahadur Shastri | – | Jai Jawan Jai Kisan |
| (B) | Indira Gandhi | – | Garibi Hatao |
| (C) | Syndicate | – | A group of powerful opposition leaders against Indira Gandhi |
| (D) | Grand Alliance | – | Formed by all Non-Congress Parties |

11. 2019 के भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है ?

(A) संयुक्त प्रगतिशील गठबन्धन

(B) संयुक्त मोर्चा

(C) राष्ट्रीय लोकतान्त्रिक गठबन्धन

(D) लोकतांत्रिक गठबंधन

12. 1999 के लोकसभा चुनावों के बाद किसने केन्द्रीय सरकार का नेतृत्व किया था ?

(A) पी.वी. नरसिम्हा राव (B) अटल बिहारी वाजपेयी

(C) मनमोहन सिंह (D) एच.डी. देवगौड़ा

**खण्ड – ख** **6 × 2 = 12**

13. क्या शॉक थैरैपी को सोवियत संघ के विघटन के बाद सत्तावादी समाजवादी व्यवस्था से उदारवादी लोकतान्त्रिक पूँजीवादी व्यवस्था की तरफ संक्रमण का सबसे बेहतर तरीका कहा जा सकता है ? स्पष्ट कीजिए ।

14. वैश्वीकरण के किन्हीं दो प्रमुख कारणों को स्पष्ट कीजिए ।

15. स्वतंत्रता के बाद प्राप्त हुए उन दो लक्ष्यों की व्याख्या कीजिए जिन पर राष्ट्रीय आन्दोलन के दौरान व्यापक सहमति थी ।

16. विश्व की साझी सम्पदा में सम्मिलित किन्हीं चार अवयवों के नाम लिखिए ।

17. 1967 के चौथे आम चुनावों से पहले के गंभीर आर्थिक संकटों का उल्लेख कीजिए ।

18. "क्षेत्रवाद उतना खतरनाक नहीं है, जितनी सांप्रदायिकता ।" कथन की पुष्टि कीजिए ।

11. BJP led alliance of 2019 is known as :

(A) United Progressive Alliance

(B) United Front

(C) National Democratic Alliance

(D) Democratic Coalition

12. Who led the Central Government after the 1999 Lok Sabha Elections ?

(A) P.V. Narasimha Rao (B) Atal Bihari Vajpayee

(C) Manmohan Singh (D) H.D. Deve Gauda

**SECTION – B** **6 × 2 = 12**

13. Can Shock Therapy be called the best way to make transition from authoritarian socialist system to liberal capitalist system after the disintegration of Soviet Union ? Explain.

14. Explain any two major causes of globalization.

15. Explain the two commonly agreed upon goals of the national movement which were achieved after independence.

16. Name any four global commons.

17. State the severe economic crisis prior to the fourth general elections of 1967.

18. "Regionalism is not as dangerous as communalism." Justify the statement.

## खण्ड – ग

$5 \times 4 = 20$

19. सोवियत संघ में आर्थिक गतिरोध के लिए उत्तरदायी किन्हीं चार कारणों को स्पष्ट कीजिए।

20. (a) किस प्रकार दक्षेस (साउथ एशियन एसोशिएशन फॉर रीजनल कोऑपरेशन), दक्षिण एशियाई देशों द्वारा बहुपक्षीय साधनों से आपस में सहयोग करने की दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है ? आकलन कीजिए।

**अथवा**

(b) "लोकतांत्रिक अनुभव के मिश्रित रिकॉर्ड के बावजूद, दक्षिण एशियाई देशों की जनता लोकतंत्र की आकांक्षा में सहभागी है।" दो उपयुक्त तर्कों से कथन की पुष्टि कीजिए। $2 \times 2 = 4$

21. प्रदूषण को रोकने और पर्यावरण को बचाने के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए जाने के लिए कोई चार कदम सुझाइये।

22. "एक दलीय प्रभुत्व ने भारतीय लोकतंत्र के मूल सार को प्रभावित नहीं किया।" किन्हीं दो तर्कों द्वारा कथन को न्यायसंगत ठहराइये।

23. (a) भारतीय राष्ट्रीय राजनीति में जयप्रकाश नारायण की भूमिका का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

(b) 1977 के लोकसभा चुनावों में जनता पार्टी की विजय के किन्हीं दो कारणों का वर्णन कीजिए।

## SECTION – C

**5 × 4 = 20**

19. Explain any four reasons responsible for the economic stagnation in Soviet Union.

20. (a) How is the South Asian Association for Regional Co-operation (SAARC) a major regional initiative by South Asian states to evolve co-operation through multilateral means ? Assess.

**OR**

(b) "Despite the mixed record of democratic experiences, the people of South Asian countries share the aspiration for democracy." Justify the statement with two suitable arguments. **2 × 2 = 4**

21. Suggest any four steps for the Indian Government to take to check the pollution and save the environment.

22. "One party dominance did not affect the very essence of Indian democracy." Justify the statement with any two arguments.

23. (a) Describe the role of Jaya Prakash Narayan in Indian National Politics.

**OR**

(b) Describe any two reasons for the victory of Janata Party in 1977 Lok Sabha elections.

## खण्ड – घ

3 × 4 = 12

24. नीचे दिए गए अवतरण का अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1 + 1 + 1 + 1 = 4

भारत ने विविधता के सवाल पर लोकतांत्रिक दृष्टिकोण अपनाया । लोकतंत्र में क्षेत्रीय आकांक्षाओं की राजनीतिक अभिव्यक्ति की अनुमति है और लोकतंत्र क्षेत्रीयता को राष्ट्र-विरोधी नहीं मानता । इसके अतिरिक्त लोकतांत्रिक राजनीति में इस बात के पूरे अवसर होते हैं कि विभिन्न दल और समूह क्षेत्रीय पहचान, आकांक्षा अथवा किसी खास क्षेत्रीय समस्या को आधार बनाकर लोगों की भावनाओं की नुमाइंदगी करें । इस तरह लोकतांत्रिक राजनीति की प्रक्रिया में क्षेत्रीय आकांक्षाएँ और बलवती होती हैं । साथ ही लोकतांत्रिक राजनीति का एक अर्थ यह भी है कि क्षेत्रीय मुद्दों और समस्याओं पर नीति-निर्माण की प्रक्रिया में समुचित ध्यान दिया जाएगा ।

(24.1) भारत में किस अवधि को स्वायत्तता के लिए बढ़ती क्षेत्रीय आकांक्षाओं की अवधि के रूप में देखा जाता है ?

(A) 1960 का दशक (B) 1970 का दशक

(C) 1980 का दशक (D) 1990 का दशक

(24.2) भारत में किस प्रकार की विविधता का प्रभुत्व है ?

(A) सामाजिक विविधता (B) राजनीतिक विविधता

(C) सांस्कृतिक विविधता (D) प्रादेशिक विविधता

(24.3) लोकतंत्र क्षेत्रीय समस्याओं से कैसे निपटता है ?

(A) नियमित वार्ता द्वारा (B) कठोर कदमों द्वारा

(C) चुनावों द्वारा (D) आर्थिक उपायों द्वारा

(24.4) निम्नलिखित में से कौन 1975 में भारतीय संघ में सम्मिलित हुआ था ?

(A) गोवा (B) सिक्किम

(C) पुडुचेरी (D) एक द्वीप

## SECTION – D

**3 × 4 = 12**

24. Read the passage given below and answer the questions that follow :

**1 + 1 + 1 + 1 = 4**

India adopted a democratic approach to the question of diversity. Democracy allows the political expressions of regional aspirations and does not look upon them as anti-national. Besides, democratic politics allows parties and groups to address the people on the basis of their regional identity, aspiration and specific regional problems. Thus, in the course of democratic politics, regional aspirations get strengthened. At the same time, democratic politics also means that regional issues and problems will receive adequate attention and accommodation in the policy making process.

(24.1) Which period in India is seen as a period of grooming regional aspirations for autonomy ?

(A) 1960s (B) 1970s

(C) 1980s (D) 1990s

(24.2) Which type of diversity is dominant in India ?

(A) Social diversity (B) Political diversity

(C) Cultural diversity (D) Regional diversity

(24.3) How does democracy deal with the regional problems ?

(A) Through regular negotiations

(B) Through strong steps

(C) Through elections

(D) Through economic measures

(24.4) Which one of the following joined Indian Union in 1975 ?

(A) Goa (B) Sikkim

(C) Puducherry (D) An Island

25. दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में, चार राज्यों को (A), (B), (C) तथा (D) द्वारा दर्शाया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा मानचित्र में दिए गए संबंधित अक्षर को दिए गए प्रारूप के अनुसार लिखिए : 1 + 1 + 1 + 1 = 4

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | मानचित्र में संबंधित अक्षर | राज्यों के नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |

(i) वह देशी रियासत जिसके शासक ने भारत के साथ अपने विलय का विरोध किया था ।

(ii) वह राज्य जो देश के विभाजन से अत्यधिक प्रभावित हुआ था ।

(iii) मध्य प्रदेश से काट कर बनाया गया राज्य ।

(iv) वह राज्य जिसका गठन 1952 में हुआ था ।



25. In the given Political outline map of India, four states have been marked as (A), (B), (C) and (D). Identify these states on the basis of the information given below and write their correct names in your answer book along with the respective serial numbers of the information used and the concerned alphabets shown in the map as per the format that follows : **1 + 1 + 1 + 1 = 4**


| **Sr. Number of the information used** | **Alphabet concerned** | **Name of the States** |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |

(i) The Princely State whose ruler resisted its merger with India.

(ii) The State that was most affected by the partition of the country.

(iii) The State carved out from Madhya Pradesh.

(iv) The State that was formed in 1952.



**नोट :** **निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए, प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर हैं ।** **1 + 1 + 1 + 1 = 4**

(25.1) उस केंद्रशासित क्षेत्र का नाम लिखिए जो पहले एक राज्य था ।

(25.2) किसी एक राज्य का नाम लिखिए जिस पर देश के विभाजन का सबसे अधिक प्रभाव हुआ ।

(25.3) मध्य प्रदेश से काट कर कौन सा राज्य बनाया गया ?

(25.4) कौन सा राज्य 1952 में बनाया गया था ?

26. दिए गए कार्टून का अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1 + 1 + 1 + 1 = 4**




(I) इस कार्टून में क्या दर्शाया गया है ?

(A) विश्व पर संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रभाव ।

(B) संयुक्त राष्ट्र संघ पर संयुक्त राज्य अमरीका का प्रभाव ।

(C) संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता ।

(D) विश्व पर संयुक्त राज्य अमरीका का प्रभाव

**Note :** **The following questions are for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 25.** **1 + 1 + 1 + 1 = 4**

(25.1) Name the Union Territory which earlier was a state.

(25.2) Name any one state that was most affected by the partition of the country.

(25.3) Which state was carved out from Madhya Pradesh ?

(25.4) Which state was formed in 1952 ?

26. Study the given cartoon and answer the questions that follow : **1 + 1 + 1 + 1 = 4**




(I) What does the cartoon depict ?

(A) Influence of UNO on the World

(B) Influence of USA on UNO

(C) Relevance of UNO

(D) Influence of USA on the World

(II) कार्टून द्वारा क्या संदेश दिया गया है ?

(A) यदि संयुक्त राष्ट्र असफल होता है, तो अमरीका अपनी सैन्य शक्ति से विश्व को नियंत्रित कर सकता है ।

(B) अमरीका की आर्थिक श्रेष्ठता ।

(C) संयुक्त राष्ट्र के स्थाई सदस्यों की वीटो शक्ति ।

(D) संयुक्त राष्ट्र में अमरीका का सबसे बड़ा योगदान है ।

(III) यह कार्टून आज प्रासंगिक क्यों नहीं है ?

(A) संयुक्त राष्ट्र अधिक शक्तिशाली हो गया है ।

(B) कई नए शक्तिशाली अंतर्राष्ट्रीय संगठन उभर गए हैं ।

(C) देशों का संयुक्त राष्ट्र में विश्वास नहीं है ।

(D) अब शक्ति के कई नए केंद्र उभर गए हैं ।

(IV) संयुक्त राष्ट्र संघ का प्राथमिक उद्देश्य क्या है ?

(A) विकसित देशों के आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देना ।

(B) अंतर्राष्ट्रीय शान्ति और सहयोग को बढ़ावा देना ।

(C) आतंकवाद को समाप्त करना ।

(D) स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना ।

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए, प्रश्न संख्या 26 के स्थान पर हैं ।** **1 + 1 + 1 + 1 = 4**

(26.1) 'लीग ऑफ नेशंस' का गठन किस कारण किया गया ?

(26.2) यूनेस्को (UNESCO) का विस्तृत रूप लिखिए ।

(26.3) संयुक्त राष्ट्र के गठन के लिए संयुक्त राष्ट्र चार्टर पर कितने सदस्य देशों ने हस्ताक्षर किए थे ?

(26.4) संयुक्त राष्ट्र के सर्वाधिक दिखने वाले चेहरे और उसके प्रधान प्रतिनिधि का पदनाम लिखिए ।

(II) What message is given by the cartoon ?

(A) If UN fails then the US can control the world by its military power.

(B) Economic superiority of US

(C) Veto power of permanent members of UN

(D) US is the largest contributor to UN

(III) Why this cartoon is not relevant today ?

(A) UN has become more powerful.

(B) Many new powerful international organisations have emerged.

(C) Countries are not having faith in UN.

(D) Now many new centres of power have emerged.

(IV) What is the primary objective of UNO ?

(A) To foster economic ties of the developed nations

(B) To promote international peace and co-operation

(C) To eradicate terrorism

(D) To promote health care

**Note : The following questions are for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 26.** **1 + 1 + 1 + 1 = 4**

(26.1) State the reason for the formation of League of Nations.

(26.2) Write full form of UNESCO.

(26.3) How many member countries did sign on United Nations Charter to set up United Nations ?

(26.4) Name the most visible public figure and the representative head of the United Nations.

## खण्ड – ङ

$4 \times 6 = 24$

27. (a) चीन व भारत के बीच किन्हीं दो विवादास्पद मुद्दों की पहचान कीजिए । अधिक सहयोग के लिए इन मुद्दों को हल करने के कोई दो उपाय सुझाइए । $2 \times 1\frac{1}{2} + 2 \times 1\frac{1}{2} = 6$

**अथवा**

(b) "आसियान ने अपने तीन स्तंभों के आधार पर एक आसियान समुदाय गठित करने के लिए कदम उठाए ।" इन तीन स्तंभों के महत्त्व का विश्लेषण कीजिए । $3 \times 2 = 6$

28. (a) द्वितीय विश्व युद्ध के बाद एशिया और अफ्रीका के नव-स्वतंत्र देशों के समक्ष आई किन्हीं तीन सुरक्षा चुनौतियों की व्याख्या कीजिए । $3 \times 2 = 6$

**अथवा**

(b) सुरक्षा की पारम्परिक एवं गैर-पारम्परिक अवधारणा के बीच किन्हीं तीन अन्तरों को स्पष्ट कीजिए । $2 + 2 + 2 = 6$

29. (a) "स्वतंत्र भारत की विदेश नीति ने शांतिपूर्ण विश्व के सपने को साकार करने का प्रयास किया है ।" तीन उपयुक्त तर्कों से कथन का समर्थन कीजिए । $3 \times 2 = 6$

**अथवा**

(b) "भारत ने एफ्रो-एशियाई एकता को बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है ।" तीन उपयुक्त उदाहरणों से कथन का समर्थन कीजिए । $3 \times 2 = 6$

30. (a) 20वीं शताब्दी के अंतिम दशक में भारतीय राजनीति में घटित किन्हीं तीन मुख्य घटनाओं का वर्णन कीजिए । $3 \times 2 = 6$

**अथवा**

(b) अन्य पिछड़ा वर्ग की समस्याओं को हल करने के लिए मंडल आयोग द्वारा की गई किन्हीं तीन सिफारिशों का वर्णन कीजिए । $3 \times 2 = 6$

## SECTION – E

**4 × 6 = 24**

27. (a) Explain any two contentious issues between China and India. Suggest any two measures to resolve these issues for greater cooperation. **2 × 1½ + 2 × 1½ = 6**

**OR**

(b) "ASEAN took steps to establish an ASEAN community on the basis of its three pillars." Explain the importance of these three pillars. **3 × 2 = 6**

28. (a) Explain any three security challenges faced by the newly independent countries of Asia and Africa after the Second World War. **3 × 2 = 6**

**OR**

(b) Explain any three differences between the Non-traditional and Traditional notion of security. **2 + 2 + 2 = 6**

29. (a) "The foreign policy of Independent India has pursued the dream of a peaceful world." Support the statement with three suitable arguments. **3 × 2 = 6**

**OR**

(b) "India played an important role in maintaining Afro-Asian Unity." Support the statement with three suitable examples. **3 × 2 = 6**

30. (a) Describe any three major developments that took place in Indian politics in the last decade of the $20^{th}$ century. **3 × 2 = 6**

**OR**

(b) Describe any three recommendations of the Mandal Commission to solve the problems of the other backward classes. **3 × 2 = 6**